Seventeenth Loksabha

an>

11.07hrs.

Title: Speaker appealed the members to follow Covid Norms

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं आपका ध्यान विश्व के कतिपय देशों में कोविड-19 महामारी के पुन: सक्रिय होने की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। कोविड-19 के पिछले अनुभवों को देखते हुए हमें निरंतर सतर्कता और सावधानी रखने की आवश्यकता है। सरकार ने भी तत्परता से कदम उठाते हुए पूरे देश को कोविड-19 से संबंधित आवश्यक सुरक्षा उपायों के पालन करने की सलाह दी है। मेरा आप सभी माननीय सदस्यों से आग्रह है कि हम सभी उन सुरक्षा उपायों का पालन करें और मास्क का प्रयोग करें। इस संबंध में जन-जागरुकता फैलाने में अपना योगदान दें। मेरा विश्वास है कि जैसे हमारे देश ने पहले सामूहिक प्रयासों से कोविड-19 पर विजय प्राप्त की थी, हम आगे भी इस प्रकार से इस महामारी को रोकने में सफलता प्राप्त करेंगे।

सभी माननीय सदस्यों के लिए गेट पर मास्क उपलब्ध करा दिए गए हैं।

____

-

11.08hrs.

ORAL ANSWER TO QUESTION

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न काल, प्रश्न 221 – श्री सुधीर गुप्ता।

श्री सुधीर गुप्ता: अध्यक्ष जी, प्रश्न क्रमांक 221 ... (व्यवधान)

(Q. 221)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं सदन को चलाना चाहता हूं। प्रश्न काल एक महत्वपूर्ण समय होता है।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सरकार से सवाल पूछ सकते हैं। सरकार जवाब देने को तैयार है। आप सदन चलाने में सहयोग प्रदान करें।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह सदन जनता की भावनाओं की अभिव्यक्ति करने वाला सदन है। मेरा आपसे आग्रह है कि आप अपनी-अपनी सीट पर बैठें। जिस विषय पर आप चर्चा करना चाहते हैं, उस विषय पर यदि शून्य काल में आपको बोलने के लिए अलाऊ न करूं तो निश्चित रूप से सवाल उठा सकते हैं।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कृपया माननीय सदस्यगण बैठ जाएं। सदन आपका है। सदन चलाने की सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। क्या आप प्रश्न काल चलाना नहीं चाहते हैं?

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : क्या आप सदन चलाना नहीं चाहते हैं? जनता को आपको जवाब देना पड़ेगा कि आप सदन चलाना नहीं चाहते हैं और सदन में व्यवधान पैदा करना चाहते हैं।

... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह सदन नियम और प्रक्रियाओं से चलता है और मैं आपसे आग्रह करता हूं कि यदि आप नियम के तहत आएंगे, तो मैं निश्चित रूप से आपको अलाऊ करूंगा। आप कृपया बैठ जाएं।

... (व्यवधान)

____

***WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS**

(Starred Question Nos. 222 to 240

Unstarred Question Nos. 2531 to 2760)

(Page No. 16-638)

माननीय अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही आज 12 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

... (व्यवधान)

11.09 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.

____